**📰राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लेंगे गुरु नानक कॉलेज धनबाद के एनएसएस स्वयंसेवक**

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु किया गया है।।इस राष्ट्रीय एकीकरण शिविर (National Integration Camp)में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं जिसमेंगुरु नानक कॉलेज, धनबाद से चयनित स्वयंसेवकों में –

वैभव सिन्हा (छात्र) एवं तिशा कुमारी (छात्रा) शामिल हैं।

यह शिविर 04 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक मारवाड़ी कॉलेज, भागलपुर, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

इस दल का नेतृत्व टीम मैनेजर एवं कंटिन्जेंट लीडर डॉ. करुणा पेंजारिया, एस.के.एम.यू., दुमका द्वारा किया जाएगा, जिनके मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएँ शिविर में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

शिविर के दौरान वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नेतृत्व प्रशिक्षण, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता पर आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी, जिनसे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा।

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की प्राचार्या डॉ. रंजना दास ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कॉलेज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करने की प्रेरणा दी। वहीं एनएसएस इकाई के पदाधिकारीप्रो. दलजीतसिंहएवंप्रो.अभिषेकसिन्हानेछात्रोंकोशुभकामनाएंदी।

भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रोफ़ेसर दीपक कुमार सहित अन्य शिक्षकोंएवंशिक्षकेतरकर्मचारीगणने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवंबेहतर प्रदर्शनकेलिएप्रोत्साहितकिया।

गुरु नानक कॉलेजपरिवार के लिए गौरव की बात है कि कॉलेजकेविद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहे हैं और राष्ट्रीय एकता के संदेश को आगे बढ़ा रहे हैं।

**Picture Gallery**